दैनिक भास्कर 16/5/15

विकास | कर्नाटक भेड़ ऊन निगम अध्यक्ष ने अविकानगर का किया अवलोकन

भेड़ एवं मांस उत्पादन शोध से चमत्कृत

भास्कर न्यूज़ | मालपुरा

कर्नाटक के भेड़ एवं ऊन विकास निगम अध्यक्ष पंडित राव चीदरी शुक्रवार को केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर मालपुरा पहुंचे। चीदरी ने अविकानगर में वैज्ञानिकों द्वारा किए जा रहे भेड़ व ऊन तथा मांस उत्पादन संबंधी अनुसंधान देख कर आश्चर्य व्यक्त किया।

कर्नाटक की जानकारी ली

अविकानगर में चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त की तथा विभिन्न सेक्टरों का दौरा कर यहां चलाए जा रहे भेड़ बकरी व चरागाह विकास से संबंधति कार्यक्रमों का अवलोकन किया। कर्नाटक निगम अध्यक्ष ने अपने प्रदेश कर्नाटक में चल रहे भेड़ एवं ऊन परियोजनाओं की यहां के वैज्ञानिकों को जानकारी भी दी। भेड़ बकरी प्रबंधन, पशु प्रजनन व पशु पोषण, स्वास्थ्य एवं ऊन के प्रयोग से संबंधित प्रशिक्षण के लिए कर्नाटक के अधिकारियों को अविकानगर में प्रशिक्षण के लिए भेजेंगे। कर्नाटक के भेड़ पालकों को भी अविकानगर में प्रशिक्षण की इच्छा जताई।

मालपुरा. कर्नाटक भेड़ ऊन विकास निगम अध्यक्ष ने अविकानगर का दौरा कर शोध प्रक्रिया देखी।

प्रशिक्षण शिविर लगाएंगे

कार्यवाहक निदेशक डॉ. अरुण तोमर ने चीदरी का अविकानगर आने पर स्वागत किया व तोमर ने भरोसा दिलाया कि कर्नाटक की मांग पर उनके लिए यहां प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ. आर सी शर्मा प्रधान वैज्ञानिक ने बताया कि कर्नाटक भेड़ की संख्या एवं ऊन उत्पादन में देश में दूसरे स्थान पर है। कर्नाटक में उच्च क्वालिटी का गलीचा ऊन बढ़ने की पर्याप्त संभावना है। डॉ. ए साहू विभागाध्यक्ष पशु पोषण विभाग ने कर्नाटक के अध्यक्ष के दौरे का संचालन किया।

राजस्थान पत्रिका
16/5/15

अनुसंधान कार्यों का अवलोकन

मालपुरा @ पत्रिका. केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविका नगर में शुक्रवार को कर्नाटक के भेड़ एवं ऊन विकास निगम के अध्यक्ष पंडिथ राव चीदरी ने अनुसंधान परियोजनाओं एवं भेड़-बकरी व चरागाह से सम्बन्धित कार्यों का अवलोकन किया।

इस अवसर पर चीदरी ने कहा कि संस्थान में भेड़-बकरी प्रबंधन, पशु प्रजनन, पशु पोषण, स्वास्थ्य एवं ऊन के क्षेत्र में किए जा रहे अनुसंधान व कार्यों का लाभ कर्नाटक के पशुपालकों को भी दिलाने का प्रयास किया जाएगा। संस्थान के कार्यवाहक निदेशक डॉ. अरुण तोमर ने भेड़-बकरी अनुसंधान एवं ऊन उत्पादन, चरागाह के क्षेत्र में किए गए अनुसंधानों की जानकारी दी।

प्रधान वैज्ञानिक डॉ. आर. सी. शर्मा ने बताया कि कर्नाटक भेड़ पालन एवं ऊन उत्पादन में देश में दूसरे स्थान पर है। पशु पोषण विभागाध्यक्ष डॉ. ए. साहू ने विभिन्न परियोजनाओं की जानकारी दी।